
## खबर संक्षेप



### दो पक्षों के बीच हुई चाकूबाजी की घटना

**कटनी।** कोतवाली के सब्जी मंडी क्षेत्र में गत देर शाम दो पक्षों के विवाद में चाकूबाजी की घटना प्रकाश में आई है। चाकू से हुए हमले में एक युवक को सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के विरूद्ध काउंटर मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय सुजल पिता सतीश खटीक का विवाद शुक्रवार की देरशाम सब्जी मंडी क्षेत्र में बिट्टू कछवाहा, कल्लू बकरा व करन कछवाहा से हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो बिट्टू कछवाहा, कल्लू बकरा व करन कछवाहा ने मिलकर सुजल पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में सुजल के सिर में गंभीर चोंटे आई हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सुजल की शिकायत पर बिट्टू कछवाहा, कल्लू बकरा व करन कछवाहा के विरूद्ध धारा 296,115(2), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसी मामले में पुलिस ने ईश्वरीपुरा वार्ड निवासी बिट्टू कछवाहा की शिकायत पर सुजल खटीक व नीरज खटीक के विरूद्ध भी धारा 296,115(2), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

### इंजन फेल होने से दो घंटे खड़ी रही सुपर फास्ट

**कटनी।** मुंबई से बनारस की ओर जा रही बनारस वीकली सुपरफास्ट एक्सप्रेस का इंजन स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में अचानक खराब हो गया। इंजन फेल होने के कारण ट्रेन तब आगे बढ़ी जब वहां पर एक मालगाड़ी पहुंची और मालगाड़ी के इंजन को काटकर सुपरफास्ट में लगाया गया। इस बीच ढाई घंटे तक ट्रेन स्लीमनाबाद स्टेशन पर ही खड़ी रही और यात्री परेशान रहे। जानकारी के मुताबिक बनारस वीकली सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 20 929 सुबह लगभग 11:15 बजे जबलपुर से चलकर स्लीमनाबाद स्टेशन पहुंची थी श्रीनगर स्टेशन पहुंचने के बाद ट्रेन का इंजन फेल हो गया और ट्रेन वहीं खड़ी हो गई। ट्रेन के अचानक खड़े हो जाने के कारण यात्री परेशान होकर इधर-उधर भटकते रहे। लगभग ढाई घंटे तक स्लीमनाबाद स्टेशन में ट्रेन के खड़े होने के बाद जब वहां एक मालगाड़ी पहुंची तो उसमें लगे अतिरिक्त इंजन को काटकर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में लगाया गया और ट्रेन को आगे बढ़ाया जा सका। बताया जाता है कि इस बीच सुपर से कटनी की यात्रा कर रहे कई यात्री जब स्लीमनाबाद मेमोट्रेन पहुंची तो उसमें सवार होकर कटनी पहुंचे।

### पुलिस की तत्परता से बची युवक की जान

कटनी। माधवनगर पुलिस की सजगता से एक जान बच गई। दरअसल माधव नगर की हाउसिंग बोर्ड कालोनी में रहने वाला दीपक बर्मन गुटखा खाने के लिए बाजार जा रहा था। पत्नी से अलमारी की चाबी मांगी तो महिला ने देने से मना कर दिया। चाबी नहीं देने से नाराज दीपक पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर उसमें लटक ही रहा था कि माधवनगर पुलिस आई। पुलिस ने बताया कि आपसी की कोई बात पर पत्नी से विवाद हुआ होगा। दीपक पत्नी के घर की चाबी न देने के विवाद पर फांसी लगा रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उसकी जान बचाई और समझाइश दी। वहीं पत्नी बोली- गुटखा के बहाने वह नशा करने जा रहा था। माधवनगर थाना प्रभारी निरीक्षक ने पूछताछ की तो उसने बताया कि वह गुटका लेने चौराहे पर जा रहा था लेकिन पत्नी अलमारी सहित घर की चाबी नहीं दे रही थी, जिसको लेकर विवाद चल रहा था। दीपक यह कदम उठाने जा रहा था। समझाया और दोबारा ऐसा न करने को कहा। इस दौरान निरीक्षक अनूप सिंह, आरक्षक भानू प्रकाश पांडेय, बृज किशोर मौजूद रहे।

---

### स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जताई गहन नाराजगी

# 3 ए.एन.एम. को लापरवाही पड़ी महंगी वेतनवृद्धि रोकने का जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा के दौरान संचालित योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं पाये जाने पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के संचालन में लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिये थे।

#### आदेश किया जारी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश के बाद सीएमएचओ डॉ आर.के.आठया द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने के कारण संबंधित तीन ए.एन.एम को जारी कारण बताओं सूचना के बाद भी कार्य में प्रगति न



लाने तथा जारी नोटिस का जवाब नहीं देने पर तीन एएनएम की एक वेतन असंचयी प्रभाव से रोके जाने का आदेश जारी किया है।

#### ये है मामला

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ आर.के.आठया द्वारा जिले में शासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों मे तीन एएनएम द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने के कारण

#### कार्य में सुधार नहीं होने पर होगी निलंबन की कार्यवाही

सीएमएचओ डॉ आठया द्वारा जारी आदेश में तीनों एएनएम द्वारा कार्य में सुधार नहीं लाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत निलंबन की कार्यवाही करने के लिए बाध्य होने का लेख किया गया है जिस हेतु संबंधित कर्मचारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

#### इन एएनएम की रोकी गई वेतन वृद्धि

सीएमएचओ द्वारा जारी आदेशानुसार जिन तीन ए.एनएम की वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकीगई है उनमें सीएचसी बड़वारा के उपस्वास्थ्य केन्द्र पथवारी की श्रीमती स्वर्णलता दास , सीएच.सी बरही के उपस्वास्थ्य केन्द्र वरनमहगंवा की श्रीमती मीरा सोलंकी तथा सीएचसी उमरियापान के उपस्वास्थ्य केन्द्र बांध की श्रीमती संजू गौंड़ शामिल है।

उपरोक्त तीनों एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्य में प्रगति लाते हुए अद्यतन जानकारी से अवगत कराते हुए स्पष्टीकरण का जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। किंतु तीनों ए.एन.एम द्वारा शासकीय कार्यो के संपादन में रुचि नहीं दिखाई गई तथा कारण बताओं नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। जिसके चलते शासकीय कार्य प्रभावित होने के कारण उक्त तीनों कर्मचारियों के इस कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमों के विपरीत माना जाकर तीनों कर्मचारियों की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है।

---



## आरटीओ ने 8 वाहनों से वसूला 13 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नियम विरुद्ध सड़क पर फर्राटा भरने वाले वाहनों की जांच करने के लिए आज आरटीओ विभाग के द्वारा आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 8 वाहनों में कमी पाए जाने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जुर्माना कार्यवाही करते हुए आरटीओ विभाग ने 13 हजार वसूल किए।

जानकारी देते हुए आरटीओ अधिकारी विमलेश गुप्ता ने बताया कि सड़क में नियम विरुद्ध तरीके से वाहन चलाने वालों के खिलाफ विभाग के द्वारा समय-समय पर आकस्मिक जांच करके कार्यवाही की जाती है। इसी क्रम में आज भी वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान 6 वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगा हुआ नहीं पाया गया, इसके साथ ही दो वाहनों में बीमा नहीं मिला। बिना बीमा और एचएसआरपी नंबर प्लेट के सड़क पर दौड़ रहे वाहनों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही करते हुए उक्त सभी वाहनों से 13 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई है। आरटीओ विभाग के द्वारा आगे भी इसी तरह आकस्मिक जांच करके कार्यवाही की जाएगी।

---

*नगर के मुख्य मार्गो व बाजार क्षेत्र में आवागमन दुश्वार*

## सुगम यातायात के लिए दिखावे की कार्यवाही के बाद लौटकर झांकने की नहीं मिली फुर्सत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के मुख्य मार्गों में अस्थायी अतिक्रमण एवं दुकानों के बाहर सामग्री रखकर आवागमन में अवरोध होने के लिए कुछ दिन पूर्व संयुक्त टीम ने गश्त करके दुकानदारों को हिदायत दी थी कि वे अपनी दुकानों के अंदर ही सामग्री रखें जिससे आवागमन बाधित न हो लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए न तो दुकानदारों ने ही ध्यान दिया और न ही जांच दल को दोबारा इस ओर झांकने की फुर्सत मिली। नतीजा शहर के अति व्यस्ततम क्षेत्रों में सुगम यातायात बेहद कठिन हो गया है। शहर के अति व्यस्ततम मार्गों एवं बाजार क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण के चलते न सिर्फ आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि जाम की समस्या से भी वाहन चालक व आम राहगीर परेशान हो रहे हैं। दुकानदारों को सामान हटाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर हिदायत भी दी जाती है लेकिन इसका कोई खास असर नहीं होता। न ही कहीं फुटपाथ खाली हुआ है और न ही कहीं सड़क पर रखी दुकान सामग्री को हटाने के लिए कोई तैयार है।

#### वाहनों की बेतरतीब पार्किंग

नगर के मेन रोड सहित अन्य व्यस्ततम स्थलों को रेड जोन चिन्हित करते हुये चेतावनी बोर्ड भी लगवाया गया है लेकिन वही बोर्ड अतिक्रमण के लिये आड़ बन गया है। नो पार्किंग पर ही वाहन खड़ा किये जा रहे है। कभी एनाउसमेंट तो वाहन के साथ अमला सड़क पर नजर आता है लेकिन कार्यवाही वही ढांक के तीन पात तक नजर आती है। फुटपाथी व्यवसाइयों को सबक सिखाने और दोबारा अतिक्रमण न करने कार्यवाही के नाम पर कभी कभार सख्त कार्यवाही का दिखावा किया जाता है। दो दिन की सख्ती के बाद फिर वही ढुलमुल रवैया होने की वजह से लोग अब निडर हो गये है। कई बार चेतावनी दी जाती है कि सड़क में लगाये ठेला या सामान रखा है, उसको भी दुकान के अंदर पहुंचा दें। इस दौरान नाली के आगे जो भी सामान रखा हुआ मिलेगा, उसे टीम जब्त कर लेगी। इस पर आने वाला खर्च भी दुकानदार से वसूल किया जाएगा। यह चेतावनी कई बार जारी की गई, कई बार एनाउंस करवाया गया। इसके बाद आज तक कहीं कोई कार्रवाई नहीं दिखी। ऐसे में अब लोगों को अतिक्रमण अभियान की चेतावनी का कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। फुटपाथ तक दुकानें सजी हैं। उनके लिए यह चेतावनी अब आम बात हो गई है।

#### इन जगहो पर है अतिक्रमण

दिलबहार चौक से मिशन चौक तक मुख्य मार्ग यातायात के भारी दवाब के बावजूद अतिक्रमण के चपेट में है। कमानिया गेट गली, सुभाष चौक, सिल्वर टाकीज तिराहा, गर्ग चौराहा, सब्जी मंडी, मोहन टाकीज गली, कारगिल चौराहा, सराफा बाजार रोड, तहसील के सामने, बस स्टैंड, गोलबाजार, झंडा बाजार गली में अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है।

---

### कुढ़िया धाम आश्रम में किया गया पौधारोपण



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बड़वारा जनपद के धार्मिक तीर्थ स्थल कुढ़यिा धाम आश्रम रोहनिया वृहद वृक्षारोपण किया जहां पर बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने आम का पौधा रोपण किया इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुधा जायसवाल, हर्ष द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह,कुढ़यिा कल्याण समिति अध्यक्ष खेमचंद यादव, जनपद सदस्य विनय नागवंशी, जनपद सीईओ के के पांडे, आरईएस के अभियंता, आर बी सिंह, सरपंच कोमल सिंह सचिव रामलाल सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

---

## जिले में हवा हो गया अमानक पालीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक बिक्री का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अमानक पालीथिन विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन जिले में यह आदेश हवा हवाई हो गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 आइटम्स को पर्यावरण संरक्षण एक्ट के तहत प्रतिबंधित किया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। बीच-बीच एकाधिक दुकानदारों पर कार्यवाही कर अभियान के नाम पर महज खानापूर्ति ही किया जा रहा है।

गौरतलब है कि हर मौके पर उपयोग के लिये सुगम लेकिन फेंकने के बाद खतरनाक अमानक पालीथिन के उपयोग पर पूरी तरह से पाबंदी है। एक बार फिर बाजार में सेहत के लिये खतरा बनी पालीथिन का उपयोग बेरोकटोक हो गया है। ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचाव, पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के उद्देश्य को शहर-शहर तक पहुंचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी कर दिया गया है। जागरूकता के अभाव और अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना प्रयास के कारण शहर सहित ग्रामीण अंचलों में बेरोकटोक अमानक पालीथिन का उपयोग किया जा रहा है। लोग आम दिनों की तरह सब्जी, राशन सहित अन्य सामग्री के लिए बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक के साथ खरीदारी और बिक्री करते देखे गए। इसके हानिकारक प्रभाव और दूरगामी दुष्प्रभाव से बेपरवाह लोग जागरूकता के अभाव में इस पर ध्यान नहीं दे रहे, इसलिए बाजारों में अभी सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के बावजूद उपयोग में लाया जा रहा है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग तथा स्वच्छता जैसी समस्याओं को जड़ से मिटाने के प्रयास में सबसे बड़ी बाधा सिद्ध हो सकता है। धरती को क्लीन और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लोगों को यह छोटा सा निजी जिम्मेवारी निभाना आवश्यक है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बावजूद इसका उपयोग करने पर व्यक्ति दंड का भागी बन सकता है।

---

*भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक का हुआ आयोजन*

## 19 जुलाई को सम्मान समारोह का आयोजन, 21 को होगा पूजन अर्चन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारतीय जनता पार्टी की कार्यसमिति की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, विधायकद्वय संजय पाठक, संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, श्रीमती अलका जैन सहित जिला पदाधिकारीगण, मोर्चो के जिलाध्यक्ष, महामंत्री व मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिशा निर्देशित संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते



हुए बताया कि 15 जुलाई तक सभी मंडलों में वृहद कार्यसमिति बैठक आयोजित की जायेगी। 19 जुलाई तक शक्ति केन्द्र सम्मेलन के दौरान बूथ नेतृत्व सम्मान समारोह आयोजित किए जायेंगे। 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मठ, मंदिर, आश्रम में संत, महात्मा पूजन अर्चन करेंगे। 26 जुलाई को करगिल विजय दिवस की 25वी वर्षगांठ के अवसर पर सैनिकों का सम्मान, प्रतिमा स्थलों, स्मारकों पर पुष्पांजलि के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। 28 जुलाई, रविवार को प्रधानमंत्री के ₹मन की बात₹ कार्यक्रम को जिले के सभी बूथों पर सामूहिक रूप से सुना जायेगा। 4 अगस्त हरियाली अमावस्या तक ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान वृहद स्तर पर संचालित किए जायेंगे। इसके साथ ही सभी विधानसभाओं में मतदाता अभिनंदन यात्रा और महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन भी आयोजित होंगे।

जिला उपाध्यक्ष चेतन हिंदुजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव रखते हुए प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली जीत के साथ विकसित भारत व विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के संदर्भ में अपनी बात रखी जिसका समर्थन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने किया।

---

### तिलक कॉलेज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के तौर पर चयनित

## जिले को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आज मिलेगी बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय का चयन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में हुआ है। रविवार 14 जुलाई को दोपहर 2 बजे केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से कटनी सहित प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालयों का वर्चुअल उन्नयन और उद्घाटन करेंगे।इस समारोह का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, फेसबुक,लाईव, ट्वीटर, यू ट्यूब इत्यादि के माध्यम से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के खरे ने शहर के गणमान्य नागरिकों, महाविद्यालय के पूर्व छात्रों, जिला के समस्त अधिकारियों तथा महाविद्यालय के अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों को कार्यक्रम में सहभागिता करने हेतु अनुरोध किया गया हैं।

यहां कटनी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विष्णुदत्त शर्मा , सांसद




खजुराहो और विशिष्ट अतिथि के तौर पर संजय सत्येन्द्र पाठक विधायक विजयराघवगढ़, संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल विधायक मुड़वारा, प्रणय पाण्डेय विधायक बहोरीबंद, धीरेन्द्र बहादुर सिंह विधायक बड़वारा,श्रीमती प्रीति संजीव सूरी महापौर नगर पालिक निगम कटनी, दीपक टंडन सोनी, जिलाध्यक्ष भाजपा , मनीष पाठक अध्यक्ष नगर पालिक निगम रहेंगे। जबकि कार्यक्रम अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, शास. तिलक. महावि. कटनी होंगे।

इस उद्घाटन कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराए जाने हेतु भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र, का शुभारंभ भी किया जाएगा।महाविद्यालय परिसर को हरा - भरा करने हेतु विद्या वन का उद्घाटन भी किया जाएगा।

प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालयों में छात्र छात्राओं हेतु बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जानी है जिसका भी शुभारंभ किया जाएगा। एक्सीलेंस कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनमें सभी कोर्स उपलब्ध होंगे तथा ये कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। युवा पीढ़ी को इन कॉलेजों का लाभ मिलेगा, एक्सीलेंस कॉलेज नई शिक्षा नीति का पालन करेंगे।

हिंदी ग्रंथ अकादमी प्रकोष्ठ विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र महाविद्यालय में अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध है जिसमें सभी विषयों की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध है यहां से विद्यार्थी अपनी आवश्यकतानुसार पुस्तकें डिस्काउंट रेट पर खरीद सकते हैं।

गौरतलब है कि शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन होने से महाविद्यालय में 34 शैक्षणिक पद एवं 05 तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पद ,कुल 39 पद सृजित किए गए। महाविद्यालय में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए 17 अध्यापन कक्ष, 10 नवीन उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय एवं ई-पुस्तकालय की सुविधा,खेलकूद में रुचि रखने के वाले छात्रों के लिए स्पोर्ट्स ग्राउंड, ग्रीन कैंपस, एवं ऑडिटोरियम इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है।

महाविद्यालय में स्ववित्तीय योजना अंतर्गत बैचलर आफ एजुकेशन(बी.एड.) का दो वर्षीय पाठ्यक्रम जिसमें सीट की संख्या 50 निर्धारित की गई है एवं बीएससी एग्रीकल्चर का पाठ्यक्रम भी इसी सत्र से प्रारंभ होने जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्ववित्तीय आधार पर क्रिस्प के अंतर्गत बीकॉम इन रिटेल ऑपरेशन का तीन वर्षीय पाठ्यक्रम एवं बीएससी मार्केटिंग एंड सेल्स (फार्मा एंड मेडीटेक) का तीन वर्षीय पाठ्यक्रम भी इसी सत्र से प्रारंभ होने जा रहा है ।

---

## गांजा तस्करों को 15-15 के कारावास की सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गांजा तस्करों को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस संजय कुमार गुप्ता के न्यायालय ने 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक लाख के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश पारित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक केके पांडेय ने पैरवी की। अपर लोक अभियोजक के अनुसार 25 जून 2022 को माधवनगर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कुंदनदास स्कूल के पास एक कार आरजे 14 एक्ससी-9214 को रोक कर उसकी तलाशी ली। पुलिस के द्वारा कार की डिक्की खोलने पर उसमें तीन बोरियों में 30 बड़े एवं 14 छोटे पैकेट रखे थे। इन पैकटों को खोला गया तो उसमें मादक पदार्थ गांजा निकला। पुलिस द्वारा तौल कराने पर गांजा का वजन 73 किलो निकला। जिस पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस ने कार चला रहे सुशील कुमार गिरी पिता सचिन्द्र गिरी 41 निवासी जगपुरा थाना विसिंगा मयूरगंज उड़ीसा एवं उसके साथ कार में सवार रामचंद्र दास पिता लक्ष्मीकांत दास 31 निवासी नचिंदा थाना कमरदा जिला बालासोर उड़ीसा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। वहीं पुलिस ने जब्त मादक पदार्थ के सैम्पल लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा एवं विवेचना में बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं अभियोजन पक्ष के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने दोनों आरोपियों को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुए उपरोक्तानुसार दंडित करने का आदेश पारित किया।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने नए उद्योग स्थापित करने की पहल

**बड़वारा।** जिला उद्योग कार्यालय में जिला उद्योग अधिकारी के साथ बैठकर बड़वारा विधानसभा में इंडस्ट्रियल एरिया के बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्री को मूलभूत सुविधा देने के लिए बिजली एवं रोड की सुविधाओं पर भी चर्चा की गई एवम पांच नए प्रोजेक्ट तैयार किए गए 20 तारीख को जबलपुर में होने वाली इंडस्ट्रियल एनक्लेव बैठक जिसमें मुख्यमंत्री रहेंगे उन्हे यह प्रोजेक्ट अग्रिम कार्यवाही हेतु सोपेंगे इस प्रॉजेक्ट से बड़वारा विधानसभा का चतुर्मुखी विकाश निश्चित होगा।

### मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**कटनी।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा मोहर्रम का पर्व मनाया जाना है। इस पर्व को लेकर कोतवाली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शहर में निकलने वाले ताजिया जुलूस सहित अन्य आयोजन को लेकर के रूपरेखा तैयार की गई। यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से चर्चा की गई। शांति समिति की बैठक में मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारी मुस्लिम धर्मावलंबी सहित नगर निगम जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि शांति समिति की बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के दिशा निर्देश व नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि पर्व को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

### जिले में अब तक 157.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 2024 से 13 जुलाई 2024 प्रातः तक कुल 157.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 355.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 177.5 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 13 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 198.2 मिलीमीटर, तहसील रीठी मे 158.4 मिलीमीटर, तहसील बड़वारा मे 103.0 मिलीमीटर, तहसील बरही में 114.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 117.5 मिमी, बहोरीबंद मे 146.9 मिमी, स्लीमनाबाद में 180.1 मिली मीटर और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा मे 242.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### किसानों को अनुदान के लिये शासन की ई-रूपी योजना

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा किसानों को तत्काल अनुदान का लाभ देने के लिये किसान कल्याण विभाग अंतर्गत ई-रूपी योजना शुरू की गई है। जिसमें कृषक भाई अपने मोबाईल में किसान ऐप डाउनलोड कर उसमे अपना पंजीयन कराकर राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मिशन, नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तिलहन) अंतर्गत आई.एन.एम, आई.पी.एम घटक अंतर्गत दो हैक्टेयर तक कीटनाशक दवाई ले सकते है, जिस पर 1000 रूपये का अनुदान तत्काल ई-रूपी में प्राप्त होगा। योजना में किसान भाई के द्वारा ऐप मे पंजीयन के बाद मोबाईल पर क्यूआर कोड का एसएमएस प्राप्त होगा। कृषक भाई उस क्यूआर कोड को ऐसे आदान विक्रेता जिन्होंने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खाता खुलवाया है के यहां जा कर अपनी कीटनाशकों की औषधी प्राप्त कर सकते हैं। आदान विक्रेता को अपने जिले की किसी भी बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खाता खुलवाना आवश्यक है। खाता खुलवाने के लिये संस्था का रजिस्ट्रेशन, पेन कार्ड, संस्था का आधार नंबर (कोई भी एक), आधार कार्ड, प्रोपाईटर, पार्टनर पेन कार्ड प्रोपाइटर, पार्टनर, दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ आवश्यक है। जिले के समस्त आदान विक्रेताओं से बैंक मे खाता खुलवाने एवं किसान भाईयों से अपने एंड्राइड मोबाईल में एमपी किसान ऐप डाउनलोड कर उसमें अपना पंजीयन कर योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

---

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की आयोजित बैठक में दो टूक हिदायत

# तथ्यपरक जानकारी नहीं देने पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पूर्ण हो चुकी सभी नल-जल प्रदाय योजनाओं के ग्राम पंचायतों को हस्तांतरण प्रक्रिया के दौरान शासन के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो। संबंधित जनपद पंचायतों के सीईओ के निरीक्षण प्रतिवेदन के बाद ही ग्राम पंचायतों को योजनाओं को हस्तांतरित करने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष अवि प्रसाद ने दिये। कलेक्टर ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में देते हुए दो टूक लफ़्ज़ों में कहा कि राज्य शासन द्वारा नल -जल योजनाओं के पंचायतों को हस्तांतरण संबंधी जारी निर्देशों और प्रावधानों का अक्षरशः पालन किया जाए।

बैठक में जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष सह कलेक्टर श्री प्रसाद ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के एस डामोर को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन की नल-जल योजना को ग्राम पंचायत को हस्तांतरित करते समय संबंधित सरपंच की मौजूदगी में हस्तांतरण अभिलेख में पंचायत सचिव के भी हस्ताक्षर करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियो को आगाह किया कि शासकीय निर्देशों के अनुरूप हस्तांतरण प्रक्रिया नहीं अपनाये जाने पर उनके विरुद्ध विभागीय जांच सहित अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जायेगी।

#### तथ्यपरक जानकारी देवें

कलेक्टर ने विभाग द्वारा बैठक से संबंधित जानकारी का अद्यतन फोल्डर समय पर जनप्रतिनिधियों को नहीं मुहैया कराने पर भी नाराजगी जाहिर किया और भविष्य में जानकारी का फोल्डर बैठक के पूर्व जनप्रतिनिधियों को देने की हिदायत दी। कार्यपालन यंत्री श्री डामोर को निर्देशित किया कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक के पूर्व विभागीय सहायक यंत्रियों और उपयंत्रियों की बैठक बुलाकर मैदानी हकीकत की तथ्यपरक जानकारी का फोल्डर बनवायें।

#### जिला पंचायत सीईओ करेंगे जांच

कलेक्टर श्री प्रसाद ने जल जीवन मिशन की सभी पूर्ण और संचालित योजनाओं और उनके सापेक्ष में हुये भुगतान आदि की जांच करने का दायित्व जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत को सौंपा है। साथ ही जांच प्रक्रिया पूरी होने तक संविदाकार, ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर भी रोक लगाने के सख्त निर्देश कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिया है।

#### विकासखंडवार करें समीक्षा

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री डामोर को निर्देशित किया कि प्रत्येक विकासखण्ड में जाकर संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ और उस क्षेत्र के सांसद,विधायक या उनके प्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में संचालित नल -जल योजनाओं और पुनरीक्षित योजनाओं की समीक्षा की जाये। समीक्षा बैठक के निष्कर्ष का विवरण और जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव आगामी जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

#### जल निगम के कार्यों की समीक्षा

बैठक में मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा कटनी जिले में संचालित और प्रगतिरत निर्माणाधीन ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजनाओं करनपुरा,इंदवार और पवई-2 की समीक्षा की गई। जिले के मुड़वारा और रीठी के 159 गांवों के हर घर में नल से जल पहुंचाने की करीब 271 करोड़ रुपए की लागत वाली निर्माणाधीन पवई-2 जल प्रदाय योजना के जारी कार्यों की मौजूदा प्रगति पर विधायक मुड़वारा श्री संदीप जायसवाल ने संतोष जताया। इस योजना से रीठी क्षेत्र के 109 और मुड़वारा के 50 गांवों में नल से जल पहुंचाने का तेजी से कार्य जारी है। इसके लिए विभिन्न जल संग्रहण क्षमता की 55 पानी की टंकियों के स्थल चयन और निर्माण जारी होने की जानकारी दी गई। विधायक श्री जायसवाल ने निर्माणाधीन पवई-2 जल प्रदाय योजना से मुड़वारा क्षेत्र के बल्क जल आपूर्ति वाले प्रस्तावित और चिन्हित ग्रामों की सूची उपलब्ध कराने की बात कही।

वहीं बडवारा के ग्राम बिजौरी स्थित प्लांट से करनपुरा जल प्रदाय योजना से यहां के 47 गांवों में नल से जल की सतत आपूर्ति की जानकारी दी गई। जबकि इंदवार ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजनान्तर्गत विजयराघवगढ़ और बडवारा के चयनित 53 गांवो में से 19 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति के ट्रायल रन की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने इन स्थानों पर जल आपूर्ति संबंधी समस्याओं की जनप्रतिनिधियों द्वारा दी गई। जानकारी और शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश देते हुए योजना के कार्यों में वांछित तेजी लाने के निर्देश दिए।

#### समस्याओं की दी जानकारी

बैठक में बडवारा विधायक सहित जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी अपने -अपने क्षेत्र की नल- जल योजना से संबंधित समस्याओं की भी जानकारी दी। बैठक में पंचायतों के जनप्रतिनिधि, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री और ठेकेदार उपस्थित रहे।

---

## युवक पर चाकू से हमला कर किया गंभीर घायल

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी इलाके में एक युवक पर करीब 6 लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले से युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि कटनी सिविल लाइन निवासी सूजल पिता सतीश खटीक 20 पर गत रात सब्जी मंडी में पुरानी रंजिश के कारण आरोपी करण कुशवाहा ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। इस दौरान युवक के सिर पर चाकू लगने से उसे गंभीर चोट आई। युवक को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि कल रात करीब 6 युवक विवाद करते हुए सूजल से मारपीट कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने उसे सिर पर चाकू मार दिया। जिससे सूजल गंभीर रूप से घायल हो गया है। युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

---

कलेक्टर के निर्देश पर अवैध उत्खनन पर रखी जा रही नजर

# चूना पत्थर का अवैध परिवहन करने पर 17 हजार रूपये का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद के खनिज गौण के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा नियमित निगरानी और नजर रखी जाकर खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप गत दिवस ओव्हर चूनापत्थर का अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए वाहन से 17 हजार 84 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया जाकर वाहन मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि विगत 5 जुलाई को ग्राम अमरैया पार कैमोर मे आकस्मिक जांच के दौरान हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 04 पीआर 6525 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, शिवदास लोधी पिता किशोरी लाल लोधी निवासी हरैया मोहल्ला धवैया तहसील विजयराघवगढ एवं वाहन मालिक राजा कंस्ट्रक्शन इक्विपमैंट सुखनंदन लाल निवासी कायाबंधा रायपुर छ.ग.द्वारा 1.37 घनमीटर चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर खनिज विभाग द्वारा वाहन जब्त किया जाकर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 17 हजार 84 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया।

प्रकरणों के संबंध मे सूचना पत्र जारी होने के पश्चात अनावेदक द्वारा उपस्थित होकर प्रशमन शुल्क की जमा करने की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोध किये जाने पर जिला खनिज अधिकारी द्वारा अनावेदक से निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 17 हजार 84 रुपये जमा कराया जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के तहत अनावेदक द्वारा प्रशमन शुल्क की राशि जमा कर दिये जाने पर जब्त खनिज, औजार, मशीनरी एवं अन्य सामग्री निर्मुक्त करने के प्रावधान के अंतर्गत जब्त वाहन को मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

---

## वन्यप्राणी संरक्षण के लिए दो लाख की दी राशि



जेके व्हाइट कटनी बाल पुट्टी के द्वारा जन हितकारी व सामाजिक कार्यों में निरन्तर अपनी सहभागिता प्रदान की जा रही है। जेके व्हाइट कटनी के यूनिट हेड आशीष ओसापा ने बांधव गढ़ टाइगर रिजर्व के डीएफओ पी, .के. वर्मा को वन्य प्राणी संरक्षण के लिए दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया। कम्पनी के यूनिट हेड आशीष ओसापा से बात करने पर उन्होंने बताया कि कम्पनी के द्वारा आगे भी जन हितैषी कार्यों व वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए कम्पनी के द्वारा सहयोग किया जाता रहेगा। यूनिट हेड आशीष ओसापा ने कहा कि वनों के बिना जीवन अधूरा है वनों से पर्यावरण भी सुरक्षित संरक्षित रहता है। वनों से शुद्ध प्राणवायु आक्सीजन प्राप्त होती है। वनों एवम वन्य प्राणियों को सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। इस दौरान कम्पनी के यूनिट हेड आशीष ओसापा,जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु पटसारिया, मानव संसाधन अधिकारी प्रवीण सिंह मौजूद रहे।

---

# विधायक ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण, नदारद मिले शिक्षक पर कार्रवाई करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



छात्रों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए शासन द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं किंतु इसके बावजूद अधिकतर स्कूलों में शिक्षकों के द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन नही किया जा रहा है। समय से स्कूल में न पहुंचना इनकी फितरत बन चुकी है। शासकीय स्कूलों के शिक्षक जिनके ऊपर छात्र छात्राओं के भविष्य का दायित्व होता है इनके द्वारा समय से स्कूल में अपनी उपस्थिति नही दी जाती है एवम छात्रों को शिक्षा देने में हद दर्जे की लापरवाही कोताही बरती जाती है। ग्राम वासियों के द्वारा अवगत करवाने पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया तो स्कूलों में शिक्षक अनुपस्थित मिले। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह दस बजकर तीस मिनट पर पहरुआ मिडिल स्कूल पहुंचे तो स्कूल में कोई भी शिक्षक उपस्थित नही मिले जिस पर ग्राम वासियों ने बताया कि पहरुआ स्कूल में कभी भी समय से शिक्षक नही आते हैं जिससे छात्र शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने तत्काल शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से बात कर लापरवाह शिक्षकों के ऊपर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार प्रत्येक छात्र छात्राओं को है सभी को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदाय करवाना सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी विभाग में लापरवाही से कार्य करने वाले अमले को बख्शा नही जाएगा।

---

पत्रकारवार्ता में कांग्रेस पर जमकर बरसे विधायक पाठक

# अनेक बार संविधान की हत्या करने वाले आज संविधान किताब लेकर शपथ ले रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




कांग्रेस ने एक बार नहीं अनेक बार संविधान की हत्या की है। इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाकर व विपक्षियों को 19 महीने जेल में यातनाएं देकर संविधान की हत्या की। इसके अलावा अनेक बार प्रदेशों की गैर कांग्रेसी सरकारों को असमय गिराकर व राष्ट्रपति शासन लगाने जैसे असंवैधानिक कृत्य कांग्रेस की देन रहे हैं। बारंबार संविधान की धज्जियां उड़ाने वाले कांग्रेस नेता आज संसद से लेकर सड़क तक देश तोड़ने वाली राजनीति कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के बहुसंख्यक हिंदुओं को हिंसक बताकर व लगातार उनका अपमान कर देश में सांप्रदायिकता की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जिस विकास के पथ पर अग्रसर है वह कांग्रेस को हजम नहीं हो रहा। आज भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उक्त विचार व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री तथा विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने कांग्रेस को जमकर आड़े हाथ लिया।

शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित पत्रकारवार्ता में पूर्व मंत्री विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, विधायक सन्दीप जायसवाल, जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, पूर्व मंत्री श्रीमती अलका जैन, महामंत्री सतीश तिवारी, राजेश चौधरी, राजेश गर्ग मंचासीन थे। संचालन जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला तथा आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय ने किया।

विधायक संजय पाठक ने केंद्र में सशक्त, मजबूत, निर्णायक और निरंतर तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने पर 140 करोड़ देशवासियों का आभार माना। साथ ही मध्यप्रदेश में सभी 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की विजय को इतिहास रचने वाला बताया। उन्होंने कहा यह रिकॉर्ड अब कोई तोड़ नहीं सकता है, केवल बराबरी कर सकता है।

---

जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक का हुआ आयोजन

# निजी नर्सिंग होम्स एवं अस्पतालों को चेतावनी पत्र जारी करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले के शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों सहित निजी नर्सिंग होम से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन एवं विनिष्टिकरण कार्य की समीक्षा करते हुए शासन के द्वारा बनाए गए मानक नियमों के अनुरूप सुरक्षित तरीके से बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण न करनें वाले निजी नर्सिंग होम्स व अस्पतालों को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

बैठक में सीएमएचओ डॉ आ.के आठया ने बताया कि जिले के 28 शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं एवं 31 निजी नर्सिंग होम्स में सीबीडब्लयूटीएफ एजेंसी के एलाईट इंजीनियर्स के माध्यम से जैव अपशिष्ट पदार्थो का संग्रहण एवं विनिष्टिकरण किया जाता है।

#### इन अस्पतालों को जारी हुआ चेतावनी पत्र

जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में जैव अपशिष्ट पदार्थो का संग्रहण एवं विनिष्टीकरण शासन द्वारा दिये गए निर्देशों के अनुरूप हो इस हेतु गठित टीम के द्वारा जिले के नर्सिंग होम्स से निकले वाले बायोमेडिकल वेस्ट के विनिष्टिकरण कार्य का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया। गठित टीम द्वारा मूल्यांकन के दौरान मॉ लक्ष्मी हास्पिटल, स्टार रिकवरी होम, आर्शीवाद हॉस्पिटल, डॉ रूपा लालवानी हॉस्पिटल में शासन के नियमानुसार मानक पूर्ण नहीं हानें की जानकारी प्रदान की गई। जिसपर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संबंधित हॉस्पिटल्स को चेतावनी पत्र जारी करने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया जाकर प्रदूषण विभाग को शासन निर्देशानुसार मानक पूर्ण करानें के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जैव अपशिष्ट पदार्थो का संग्रहण एवं विनिष्टिकरण का निरीक्षण एवं मूल्यांकन कार्य शासन द्वारा निर्धारित कायाकल्प की चेकलिस्ट द्वारा किये जाने का निर्देश कलेक्टर श्री प्रसाद ने दिया और इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी। बैठक में सीएमएचओ डॉ आरके आठया, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, डॉ शैलेन्द्र दीवान सहित प्रदूषण विभाग एवं नगर नगर निगम के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

#### 5 छात्रावासो के वार्डन से छीना जायेगा अतिरिक्त प्रभार

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित बालक और बालिका छात्रावासो में अतिरिक्त प्रभार हेतु जिला नियुक्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला नियुक्ति समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेंहरा, उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा और जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत मौजूद रहे। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहाड़ी, बालक छात्रावास राबर्ट लाईन कटनी, बालिका छात्रावास खितौली, बालिका छात्रावास हरदुआ कटनी, बालिका छात्रावास बरहटा, बालिका छात्रावास बडगांव में पूर्व से अतिरिक्त प्रभार में पदस्थ वार्डनों को अतिरिक्त प्रभार से पृथक करते हुये नवीन वार्डनों को अतिरिक्त प्रभार हेतु सर्व समिति के द्वारा निर्णय पारित किया गया है। जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया ने बताया कि शेष बालिका छात्रावासों में प्रभार से संबंधित कार्यवाही प्रचलन में है।

---

# धूमधाम के साथ मनाया मोक्ष कल्याणक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आचार्यश्री 108 संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर महाराज के 57 वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आर्यिका मॉ भावनामती माताजी एवं आर्यिका संघ के परम सानिध्य में पार्श्वरनाथ दिग.जैन पंचायती बड़े मंदिर में नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मूल नायक भगवान नेमीनाथ जी का महामस्तकाभिषेक होने के पश्चात निर्वाण लाडू श्रावक श्राविकाओं द्वारा चढ़ाने के पश्चात भावनामति माताजी ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये बतलाया कि नेमीनाथ विवाह करने के लिये जा रहे थे तब रास्तें नेमीनाथ भगवान ने पशुओं का करूण क्रंदन सुना तो उन्हें वैराग्य आ गया उन्होने ने पशुओं को तुरंत मुक्त कराकर तप करने गिरनार पर्वत चले गये यह सुनकर उनकी दुल्हन राजुल ने भी वैराग्य को मार्ग ग्रहण कर लिया।

#### घरों में शुद्ध भोजन बनाये और बच्चों को खिलाये

आज उन्ही नेमीनाथ भगवान का निर्वाण कल्याण महोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया है आर्यिका श्री ने आगे कहां कि पहले के समय में घरों में चमड़ा आ जाता था तो घर में सूतक लग जाती थी लेकिन अब दिनो-दिन चमड़े की सामग्री का उपयोग बढ़ता जा रहा है। उन्होने आगे बतलाया कि जैसे की जानकारी मिली है कि भोजन सामग्री में फार्स्ट फूरड में जानवरों का मांस का अंश डाला जाता है और इसके लिये माता-पिता, दादा-दादी बच्चों को खाने के लिये पैसा देते है। आप सब अपने घरों में शुद्ध भोजन मनाये और उन्हें बच्चों को भी खाने की प्रेरणा दे।

## खबर संक्षेप

### भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना की जिला कार्य समिति की बैठक आज

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के जिले के मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना की जिला कार्य समिति स्थानीय शानवी लैंडमार्क में दोपहर 1:00 बजे से तारीख 14 7.2024 को रखी गई है। उक्त कार्य समिति में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य समस्त जनप्रतिनिधि समस्त जिला पदाधिकारी समस्त मंडलों के अध्यक्ष और महामंत्री समस्त प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक और सह सायोजक, समस्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष और महामंत्री अपेक्षित है उक्त कार्य समिति में सागर संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी जी का और प्रदेश मंत्री तथा वर्तमान विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उक्त कार्य समिति में जिले में होने वाले आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा तय की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने समस्त कार्यकर्ताओं से समय से आने की अपील की है।

### मुहर्रम त्यौहार को लेकर अमानगंज थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**पन्ना।** अमानगंज पुलिस थाना परिसर में दिनांक 12 जुलाई 2024 दिन शुक्रवार को मुहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ग्लेडविन एडवर्ड कार एवं थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया और नायाब तहसीलदार की मौजूदगी बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में शांति और सौहार्दपूर्वक मोहर्रम का त्यौहार मनाने के लिए कहा कहा गया। ताजियों की ऊंचाई भी सीमित रखने के लिए निर्देश दिए और कार्यक्रम के दौरान समाज के वालंटियर बुजुर्ग लोगों को साथ में रहने के लिए कहा।

मेंटेनेंस के नाम पर घंटों कटौती के बाद भी बदहाल बिजली व्यवस्था

# रोजाना गुल हो रही नगर की बिजली विद्युत विभाग के प्रति लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



बारिश का मौसम बनते ही नगर में जरा सी हवा चलने के बाद बिजली कंपनी के जिम्मेदार बिजली सप्लाई बंद कर देते हैं, कई बार तो अघोषित बिजली के कारण नगर वासियों को घंटों अंधेरे में रहना पड़ता है।

बिजली विभाग नगर में 24 घंटे बिजली सप्लाई करने का दावा जरूर करता है, लेकिन हकीकत कुछ और हैं। बिजली कटौती से नगर के लोगों को गर्मी में तो परेशानी होती ही है पर बारिश के समय और भी दिक्कत हो रही है। नगर में इन दिनों घंटो बिजली की कटौती की जा रही है जरा सी हवा आंधी व बारिश होते ही बिजली गुल कर दी जाती है। बिजली विभाग डिमांड के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं कर पा रहा है ऐसे में लोगों को अघोषित कटौती से जूझना पड़ रहा है। इसके अलावा नगर में अनेक स्थानों पर फॉल्ट आने के कारण भी घंटों बिजली गुल रहती है वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप में कटौती की सूचना दिन में कई बार देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। नगर में बिजली का लोड अधिक होने के करण नगर के कुछ वार्डों में नई ट्रांसफार्मर लगाकर चालू किए गए हैं इसके बाद भी नगर की बिजली बार-बार कटती है। वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग की अनदेखी के कारण बार-बार बिजली बंद होने की समस्या बढ़ती जा रही है। नगर के 33 केबी लाइन में कभी फॉल्ट होना तो कभी ट्रांसफार्मर जलना और तो और झूलते तार के फाल्ट होने के कारण विद्युत कर्मचारियों द्वारा हटा नगर सहित क्षेत्र की बिजली सप्लाई बार-बार बंद करना आम बात हो गई है। दिन तो दिन रात में भी कई बार बिजली का आना-जाना लगा रहता है। उमस के कारण जहां लोग परेशान है वही बिजली के बार-बार चले जाने के कारण लोग घरों के बाहर देर रात्रि में बिजली आने का इंतजार करते रहते हैं और बिजली कर्मचारीयों को कोसते नजर आते हैं। जब भी नगर में हवा आंधी चलती है तो 33 केबी फाल्ट हो जाती है जिसका फाल्ट ढूंढने के लिए बिजली कर्मचारियों को घंटों लग जाते हैं जबकि बिजली विभाग बारिश के पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर कई बार बिजली बंद रखती है क्योंकि बारिश के समय झूलते तार व झुके हुए खंबों को दुरुस्त किया जाता है उसके बाद भी बिजली विभाग के कर्मचारी हमेशा आंधी बारिश के चलते बिजली सप्लाई नगर में घंटों बंद कर मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की छवि धूमल कर नगर वासियों को परेशान करने में लगे हुए है और नगर के जिम्मेवार लोग भी आंख बंद कर सब देख रहे हैं।

## भोपाल के पास स्थित विश्व धरोहर स्थल भीम बेटका पहुंचे राज्यमंत्री



**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी परिवार के साथ भीम बेटका पहुंचे। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि हमें गर्व है कि हमने भारत माता के हृदय स्थल मध्यप्रदेश की ऐसी पावन भूमि में जन्म लिया है, जहां इतनी अद्भुत और ऐतिहासिक धरोहरें हैं, हजारों वर्ष पुराने यहां बने शैल चित्र के कलर आज भी वैसे ही हैं। ये शैल चित्र जीवन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को दर्शाते हैं, भीम बेटका आकर गौरवान्वित हूं, प्रफुल्लित हूं। उन्होंनें सभी ने आग्रह किया कि यदि आप भीम बेटका नहीं गए हैं तो अवश्य जाईए।

## ब्लड डोनेशन कैम्प में 9 यूनिट ब्लड एकत्रित

**दमोह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में सीबीएमओ डॉ डी.के. राय के मार्गदर्शन में ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया गया। जिला चिकित्सालय दमोह से पहुंची ब्लड डोनेशन वैन में पैथालॉजिस्ट डॉ. निकिता बजाज की अगुवाई में लैब टैक्नीशियन मकसूद और अशोक आर्या के सहयोग से 9 युनिट ब्लड का एकत्रण किया गया। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रीता चटर्जी विशेष रूप से मौजूद रहीं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चटर्जी ने बताया कि कैम्प दौरान एकत्रित किये गये ब्लड में विशेषकर 5 तरह के इंफेक्शन की जांच जिला चिकित्सालय में की जायेगी। ब्लड ट्रांसफयूजन हेतु उपयुक्त पाये जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मांग अनुसार संबंधित संस्था अथवा जिला चिकित्सालय में हितग्राही को



चढ़ाया जा सकेगा। ऐसे कैम्प आगे भी सभी विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में माह में 2 से 3 बार आयोजित किये जाते रहेंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में आयोजित ब्लड कैम्प में 9 रक्तदाताओं द्वारा उत्साह के साथ ब्लड डोनेट किया गया। इसमें जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ ब्लॉक लेखा प्रबंधक अंशु गुप्ता शामिल रहे। ब्लड डोनेशन कैम्प में स्थानीय नागरिक चन्द्रशेखर बाजपेई ने 9वीं बार ब्लड डोनेट किया। इस दौरान उन्होने कहा कि उनके द्वारा किया गया रक्तदान रक्त की कमी होने के वक्त में लोगों के जीवन बचाने में काम आता है, यह बात उन्हें सुकून देती है। वे अस्पताल के संपर्क में रहते हुए आवश्यकतानुसार ब्लड डोनेट करने के लिए वे अपनी टीम के साथ तत्पर रहते है।

## गर्भवती महिला का सफलतापूर्वक किया गया ब्लड ट्रांसफयूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि अब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में गंभीर एनीमिक गर्भवती महिला जिसे अन्य कोई स्वास्थ्य परेशानी नहीं है, ऐसी गर्भवती महिलाओं को आवश्यकतानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ही रक्त चढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने बताया आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में सीवियर एनीमिक गर्भवती महिला को ब्लड ट्रांसफयूजन (रक्ताधान) सफलतापूर्वक किया गया। इस अर्जित उपलब्धि के लिए सी.एम.एच.ओ. डॉ बेक ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रीता चटर्जी एवं सी.बी.एम.ओ. जबेरा डॉ डी.के. राय और उनकी पूरी टीम को बधाई दी है। सीएमएचओ डॉ. बेक ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में यह सेवा सतत रूप से आगे जारी रहेगी। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रीता चटर्जी ने बताया कि विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में लगाये गये विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक में 6 माह की गर्भवती सोना/बलराम जमादार उम्र 23 वर्ष को सीवियर एनीमिक महिला के रूप में चिन्हित किया गया था, उन्हे सफलतापूर्वक ब्लड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में सीबीएमओ की निगरानी में चढ़ाया गया। इस संबंध में पूर्व से आवश्यक तैयारियां जिनमें चिकित्सक एवं लैब टैक्नीशियन का प्रशिक्षण एवं आवश्यक उपकरणों के साथ पृथक से कमरे का चिन्हांकन किया गया था। इस संबंध में डॉ. डी.के. राय ने बताया कि विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच हेतु पहुंची सोना/बलराम का जांच दौरान हीमोग्लोबिन 6.4 ग्रा./डी.एल. पाया गया।

## सर्किट हाऊस पहाड़ी पर पांच पौधे रोपे



**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. माहेन यादव के आवहान पर लगातार वृक्षारोपण जिले में चल रहा है। इसी कड़ी में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत सर्किट हाऊस की पहाड़ी में आज प्रोफेसर कमल चौरसिया ने पांच पौधे अपने भाई और परिजनों के साथ रोपित किया। उन्होंने कहा पेड़ हमारे जीवन को स्वस्थ्य और सुंदर बनाते है। डॉ. चौरसिया ने सभी से पेड़ लगाने और उनकी सुरक्षा करने का आवहान भी किया है।

### भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया

## हमारा विचार राष्ट्र प्रथम है और हमारी प्रेरणा है अंत्योदय : गोपाल भार्गव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया पत्रकार वार्ता के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार ने अतिथि परिचर कराया। इसके पश्चात पूर्व मंत्री, रहली विधायक गोपाल भार्गव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की विस्तारिक प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावों और 03 जुलाई को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट के संबंध में जानकारी दी और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा को मध्यप्रदेश सहित देशभर में इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकर द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए गरीब कल्याण, सुशासन के कामों और जनहित की योजनाओं के कारण ही मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। देश भर में भाजपा का वोट




प्रतिशत बढ़ा है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह बजट जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लाया गया है। यह बजट 2024 विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। 62 वर्षों बाद देश ने किसी प्रधानमंत्री को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में जनादेश देकर स्वीकारोक्ति की है।

मध्यप्रदेश सरकार का हाल ही में 03 जुलाई को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश की जनता को आत्मनिर्भर बनाने के साथ 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। देश में बहुत से राज्य ऐसे है जहां भाजपा का अपना वोट प्रतिशत भी बढ़ा है जिसकी मुख्य वजह भाजपा की सरकारें एवं कार्यकर्ताओं की लगन तथा मेहनत रही है। मध्यप्रदेश में इतिहास रचते हुए भाजपा ने पहली बार 29 में से 29 सीटें जीती है। यह रिकार्ड अब कोई भी तोड़ नहीं सकता है सिर्फ बराबरी कर सकता है। मध्य प्रदेश में पार्टी का मत प्रतिशत 2014 से सतत बढ़ रहा है। 2019 में वोट प्रतिशत 58.00 था, जो 2024 के चुनाव में बढ़कर 59.27 हो गया है। मोदी ने देश के हृदय मध्यप्रदेश मे बारम्बार, आगमन कर हमें गौरव प्रदान किया हैं, उन्होंने विश्वास भी दिया है और स्नेह, आर्शीवाद भी प्रदान किया है। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के सामूहिक नेतृत्व, कुशल रणनीति के साथ ही समर्पित कार्यकर्ताओं की श्रृंखला ने विधानसभा और लोकसभा की पूर्ण विजय को सुनिश्चित किया।

हमारे कर्मठ व जुझारू मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार का प्रयास है कि आगामी 5 वर्षों में प्रदेश के वार्षिक बजट के आकार को दोगुना किया जाए।

पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में 42 हजार पदों पर भर्ती प्रारंभ की जा रही है। इसके साथ ही 7500 से अधिक पुलिस और 11 हजार से अधिक शिक्षकों के पदों को भी भरने की प्रक्रिया शुरू होगी। इनके साथ ही अन्य विभागों के हजारों रिक्त पदों पर भी भर्ती की तैयारी है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में भाजपा सरकार विशेष ध्यान दे रही है। उपचार के दौरान दुर्भाग्य से किसी की मृत्यु हो जाने पर पार्थिव शरीर, परिजनों को सम्मानपूर्वक सौंप कर, घर तक पहुंचाने के लिये 'मध्यप्रदेश शांति वाहन सेवा प्रारंभ की गई है। इस पत्रकार वार्ता में जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, रमन खत्री, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक श्याम शिवहरे, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, सह मीडिया प्रभारी महेन्द्र जैन उपस्थित रहे।

## नियुक्ति के विरोध में युवा कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारियों की बैठक

**दमोह।** रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व पदाधिकारियां की बैठक का आयोजन किया गया है। दमोह युवा कांग्रेस में हुई गलत नियुक्ति के विरोध में दमोह जिले के युवा कांग्रेसजन में जमकर आक्रोश पैदा है। दमोह जिले के हर ब्लॉक से नियुक्ति का विरोध है युवा कांग्रेसी पार्षद रफीक का कहना है कि जो व्यक्ति कांग्रेस का क्रियाशील सदस्य तक नहीं है। ना कभी पार्टी में आंदोलन प्रदर्शन का हिस्सा रहा और लोगों को धर्म जाति में बांटने वाले व्यक्ति को सीधा युवा अध्यक्ष बनाना गलत है। हम सभी युवाजन इसका विरोध करते है व नियुक्ति निरस्त न होने तक कोई भी युवा कांग्रेस पार्टी के किसी कार्यक्रम का हिस्सा नहीं होगे। वही उपाध्यक्ष्क्ष अरविंद अवस्थी का कहना है कि यह नियुक्ति राहुल गांधी जी की मंशा के विरूध की गई है। ये वही व्यक्ति है जिन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव कांग्रेस का हमेशा विरोध किया। पार्टी उन्हें सीधा अध्यक्ष बना देती है। यही कांरण है कि पार्टी के लोग निराश होते जा रहे है। वही पार्टी के अन्य युवाजनो का कहना है कि यह नियुक्ति अगर निरस्त नहीं होती है तो हम सभी सामुहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा देगें।

## खकरिया रोड पर दुकान बंद रखने के नोटिस, व्यापारियों में आक्रोश

**तेंदूखेड़ा।** रविवार को मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह निकाह योजना के अंतर्गत लगभग दौ हजार विवाह संपन्न हो रहे हैं। इसके लिए खकरिया मार्ग को बन वे किया गया है सबसे बड़ी हैरानी की बात है कि इस मार्ग के कुछ दुकानदारों को नोटिस दिए गए हैं। नगर परिषद सीएमओ द्वारा दिए गए नोटिस में लिखा गया है वे अपना प्रतिष्ठान बंद रखें स्थान कृषि उप मंडी तेन्दूखेड़ा में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह/निकाह कार्यक्रम के अतर्गत लगभग 2000 कन्याओ के विवाह शासन द्वारा आयोजित है, खकरिया रोड मुख्य मार्ग होने के कारण लगभग 5000 वाहनो का आवागमन होना संभावित हैं आपके दुकान या व्यवसाय खुले होने से ग्राहक आपकी दुकान के सामने टू-व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन खाडे कर देते हैं। जिससे यातायात प्रभावित होगा । यातायातं किसी भी प्रकार बंधित न हो न ही किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना का समाना ना करना पडे। अतः आप उक्त बृहद कार्यक्रम में सहयोग करते हुए आपने - आपने दुकाने एवं व्यवसाय को बंद रखगें ताकि यातायात मे किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो । व्यवसाय खुले पाये जाने पर शासन द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के लिए आप स्वंय ही उत्तरदायी होगें।

## आपातकाल को हत्या दिवस घोषित करना असंवैधानिकः रतनचंद जैन

**दमोह।** इंडिया गठबंधन द्वारा लोकसभा चुनाव में संविधान बचाव के जवाब में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व केन्द्र सरकार ने बड़ा राजनैतिक कदम उठाते हुए संविधान की हत्या दिवस घोषित कर आपातकाल की 50 बरसी मनाने का जो निर्णय लिया है वह असंवैधानिक है। उक्त आशय की विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि हाल ही में हुए लोकसभा में इंडिया गठबंधन को जो अपार जनसमर्थन मिला है उससे मोदी सरकार बौखलाहट में आ गई है इसलिये वह पुराने मुद्दो को उखाड़कर जनता के बीच में लाकर इंडिया गठबंधन की छवि खराब करने का प्रयास कर रही है मंहगाई, बेरोजगारी किसानों एवं अन्य समस्याओं को हल न करके पूरे देश में अर्नगल काम किये जा रहे है। 400 पार का नारा देकर वह संविधान को तोड़ मरोड़ना चाहती थी किंतु अब मोदी सरकार स्वयं वैशाखी पर खड़ी है और भाजपा केवल नफरत की राजनीति करने में लगी है आपातकाल में हत्या दिवस घोषित करना सरासर असंवैधानिक है जिसका जिला कांग्रेस कमेटी मर्तसना करती है ऐसा कृत्य अशोभनीय है।

### खेत में करंट से किसान की हुई मौत

**कटनी।** माधव नगर थाना अंतर्गत निवार चौकी के बंडा गांव खेत में पानी लगाने के दौरान किसान की करंट से मौत हो गई। घटना के बााद ग्राम में शोक की लहर छा गई। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बंडा निवासी रामहित पिता राम विश्वास 52 वर्ष, अपने खेत में कार्य कर रहें थे। इसी दौरान उन्हें खेत में करंट लग गया। परिजन जब खेत पहुंचे तो रामहित बेहोशी की हालत में खेत में पड़े हुए थे। परिजनों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जिला जेल दमोह में विधिक जागरूकता शिविर सह जेल निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जेल अधीक्षक छोटेलाल प्रजापति, बंदी पी.एल.व्ही., जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी ने उपस्थित बंदियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि जेल में निरूद्ध बंदियों को भी संविधान



द्वारा प्रदत्त सभी मूल अधिकार जेल के अंदर प्राप्त है सिर्फ जेल से बाहर रहने की आजादी नहीं है, इसके अतिरिक्त आपको मुलाकात का अधिकार, पढ़ने-लिखने, मनोरंजन, धर्मपालन, उपचार का अधिकार, शिकायत का अधिकार प्राप्त है। आप अपने अधिकारों का उचित रूप से प्रयोग करें। इसके साथ ही उन्होंने बंदियों को जेल में व्यतीत किये जाने वाले समय को योग, प्राणायाम एवं ईश्वर भक्ति में लगाये जाने हेतु प्रेरित किया। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट ने बंदियों को जानकारी देते हुये बताया कि आप निःशुल्क विधिक सहायता हेतु पात्र है, जिस हेतु जेल अधीक्षक के माध्यम से अपने आवेदन कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह में प्रस्तुत कर अपने प्रकरण में निःशुल्क नियुक्त करा सकते है। जिला मुख्यालय पर आपके प्रकरणों में पैरवी करने हेतु लीगल एड डिफेंस काउंसिल नियुक्त किये गये है जो पूर्ण रूप से विधिक सहायता प्राप्त प्रकरणों में ही पैरवी करते है, उनके द्वारा निजी पैरवी नहीं की जाती है। कार्यक्रम के अंत में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियों द्वारा पूंछे गये प्रश्नों के समाधानकारक उत्तर सुझाये गये। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने किया एवं आभार जेल अधीक्षक छोटेलाल प्रजापति ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के उपरांत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी ने जिला जेल का निरीक्षण किया, जिसमें बंदियों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा, पाकशाला, महिला बैरक, भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई एवं जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# जैविक उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये : प्रभारी कलेक्टर

### आकांक्षी जिला अंतर्गत एक दिवसीय समेकित कार्यशाला संपन्न

**दमोह ।** नीति आयोग आकांक्षी जिला अंतर्गत प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं एन सी एच एस ई द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय समेकित कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान प्रभारी कलेक्टर श्री वर्मा ने उत्कृष्ट अवार्ड से किसानों को सम्मानित करते हुये आई टी सी मिशन सुनहरा कल के द्वारा किसानो की बनाई गई सफलता की कहानी का विमोचन किया गया। प्रभारी कलेक्टर श्री वर्मा ने किसानों से कहा जैविक उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये । .प्रगतिशील किसानो द्वारा कृषि कार्य किया जा रहा है, दमोह जिले के अन्य किसानो तक इसका लाभ पहुंचाया जाना चाहिए। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर निलेश पाटकर ने नीति आयोग आई टी सी मिशन सुनहरा कल द्वारा विगत 6 वर्षो में किये गए कार्यो को समेकित चरण बिंदु के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी । कार्यक्रम समन्वयक ब्रजेश किरार द्वारा संस्था की ओर से कृषि क्षेत्र में किए कार्यों को प्रजेंटेसन के माध्यम से विभाग के अधिकारियों एवं किसानों के सामने रखा गया। कृषि विभाग सहायक संचालक तथा नीति आयोग नोडल अधिकारी जे.एल. प्रजापति, सहायक संचालक कृषि एस एल कुर्मी एवं केव्हीके प्रमुख डॉ. एम के अहिरवार एवं अन्य वैज्ञानिकों द्वारा विभाग के माध्यम से किए जाने वाले प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी गई और ज्यादा से ज्यादा किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुचे ऐसा उनका प्रयास हैं। कार्यक्रम मे कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, ई मंडी, मत्स्य पालन विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा विभाग, आजीविका मिशन, एन आई सी नीति आयोग के साथ साथ उन्नतशील किसान एवं आई टी सी से नीलेश पाटकर, ब्रजेश किरार, दीपक घुरे एवं आशीष पाटीदार उपस्थित रहे। अन्त मे जिला समन्वयक आशीष पाटीदार ने कार्यक्रम मे उपस्थित समस्त अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

### आज से श्रीमद् भागवत कथा

**दमोह**। स्थानीय अथाई आमचौपरा मार्ग जबलपुर नाका पर स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में दिव्य भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज 14 जुलाई से प्रारम्भ होगा जिसमें दिव्य भव्य गुरू पूर्णिमा महामहोत्सव 21 जुलाई को होगा। सप्ताह ज्ञान यज्ञ आषाढ़ शुक्ल अष्टमी रविवार से आषाढ़ शुक्ल चतुर्दशी शनिवार 14 जुलाई से 20जुलाई तक चलेगा कथा का वाचन आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज करेगें कथा के मुख्य यजमान दुर्गा यादव ने बताया कि दीक्षा मंत्र कार्यक्रम गुरू पूर्णिमा 21 जुलाई को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक होगी जिसमें आप सभी भक्त कथा श्रवणार्थ सादर आमंत्रित है।

### योगाचार्य के मार्गदर्शन में किया गया योग

**दमोह**। दमोह में प्रति सप्ताह शनिवार को मानस भवन में योगाचार्य के मार्गदर्शन में योग प्राणायाम आयोजित किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आज शनिवार को भी मानस भवन में योग प्राणायाम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ही गणमान्य नागरिकों आम जनों ने योग प्राणायाम में भाग लिया।

### 150 पौधों का रोपण

**दमोह**। मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक के.सी. कोरी के नेतृत्व में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत दमोह पथरिया सड़क से जोरतला कलां पहुंच मार्ग के दोनों ओर एवं शासकीय माध्यमिक शाला जोरतला कलां शाला प्रांगण में 150 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक वाय.के. रोहित, वी.पी. पटेल, रंजीता ठाकुर, उपयंत्री शरद खरे, मुकेश पाण्डेय, हिमांशु पवार सहित समस्त स्टाफ मौजूद था।

मगरमच्छ का आतंक: स्टापडेम में पिता के साथ नहा रहे मासूम को बनाया शिकार

# मासूम को मुंह में दबाकर ले गया मगरमच्छ घंटों के रेस्क्यू के बाद भी नही मिली सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के नोहटा थाना अंतर्गत सतधरु डैम में शनिवार सुबह अपने पिता के साथ नहाने गए एक 8 साल के बच्चे को एक मगरमच्छ मुंह में दबाकर ले गया था। जिस की सूचना पुलिस तथा आपदा सुरक्षा टीम को दिए जाने के बाद सुबह करीब 11 बजे से रेस्क्यू शुरू किया गया था। इस दौरान होमगार्ड तथा आपदा प्रबंधन की टीम ने मोटरवोट की मदद से डैम के गहरे पानी में कई चक्कर लगाकर मासूम की तलाश की। लेकिन शाम 4 बजे तक मासूम का कोई सुराग नहीं लग सका। जिसकी बात परिवार के लोगों के साथ गांव वालों का गुस्सा भड़क उठा तथा उन्होंने दमोह इमलिया रोड पर चक्का जाम शुरू कर दिया। जिससे अफरा तफरी के हालत निर्मित हो गए। इस दौरान भीड़ में शामिल लोग रास्ता खुलवाने पर से पुलिस से भी उलझते हुए नजर आए। उल्लेखनीय की हटरी निवासी अर्जुन लोधी के 8 साल के पुत्र कृष्ण को सुबह नहाते समय मगरमच्छ दबोच कर ले गया था। जिसका कोई सुराग नहीं लगने पर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। फिलहाल मौके पर पुलिस वन विभाग की टीम के अलावा होमगार्ड तथा रेस्क्यू टीम मासूम की तलाश में जुटी हुई है। वही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ भी लगी हुई है। कल एक ग्रामीण का पैर दबोच लिया था मगरमच्छ ने शुक्रवार को भी कुछ ऐसा ही कुछ तेजगढ़ थाना क्षेत्र में सामने आया था। जहाँ एक मगरमच्छ ने हमला करके एक व्यक्ति को गभीर रूप से घायल कर दिया था। गंभीर हालत में उसको जिला अस्पताल से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था।

## सिमरी खुर्द ग्राम के स्कूल के सामने रात्रि में एक घर में घुसा 6 फीट का मगरमच्छ

**सुबह वन विभाग ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर माला जलाशय में छोड़ा**



**बनवार**। जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत के ग्राम सिमरी खुर्द में मंदिर और स्कूल के सामने रहने वाले राजेश बैरागी घर में रात्रि को दहलान में 6 फीट का मगरमच्छ घुसने से लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। राजेश बैरागी की मां बृजरानी ने बताया कि रात्रि में घर की दहलान में 6फीट का घुस आया देखते चिल्लाने पर बच्चों ने मगरमच्छ को लाठियों से हड़काते हुए घर के सामने बनी बंद नाली में जैसे ही मगरमच्छ घुसा तो दोनों साइड से पत्थरों बंद और आज सुबह वन विभाग की टीम की घर में घुसे मगरमच्छ की सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की रेस्क्यू टीम में डिप्टी रेंजर कमलेश सोनी राजेंद्र चनपुरिया ने ग्रामीणों की मदद से बंद नाली की फर्सियां हटाते हुए मगरमच्छ को रस्सी से बांधकर एक प्लास्टिक बोरे में भरकर दिल्ली की सबसे बड़े माला जलाशय में छोड़ा गया है। बताया गया कि पास में खेत सिंह की निजी तलैया है जिसमें महीनो पहले यह मगरमच्छ का बच्चा आया था और महीनो से तलैया की मछलियों को खाकर जवान हो गया और कल रात्रि में बारिश होने पर सीधे बस्ती में एक घर में घुस गया था बारिश के सीजन कई बार मगरमच्छ रहवासी इलाके में आ जाते हैं जिसके कारण रहवासियों को जान का खतरा बना रहता है। कुछ ऐसी ही घटना सिमरी खुर्द गांव में शुक्रवार की रात्रि में घटी और 6 फीट का मगरमच्छ सीधे घर में घुस गया हालांकि ग्रामीणों ने हौसला दिखाते हुए 6 फीट की मगरमच्छ को एक बंद नाली में बंद करने में सफल रहे और कोई बड़ी घटना को टाल दिया वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है। बस्ती की एक और तलैया में मगरमच्छ अक्सर दिखाई देता है और तलैया से लगे अनेकों घर है मगरमच्छ के घर में घुसने की घटना से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। क्योंकि इस क्षेत्र में खेतिहर भूमि और नहरों से मगरमच्छ आकर रहवासी इलाको मैं वारिश के मौसम अक्सर घुसने की की घटनाएं होती रहती है।

## वन विभाग ने व्यारमा नदी तटीय क्षेत्र की ग्राम पंचायत में कराई मुनादी

**बनवार**। दमोह जिले की सांसे बड़ी ब्यारमा नदी के किनारे पिछले 24 घंटे में मगरमच्छों के हमले की दो घटनाएं हो चुकी हैं। हालांकि यह घटनाएं जंप जबेरा की तेजगढ़ रेंज गांव गुढ़ा और दमोह रेंज कनिया घाट पटी क्षेत्र की हैं, लेकिन वन विभाग ने नदी किनारे बसे गांवों के ग्रामीणों सचेत कर दिया है। लोगों को व्यारमा नदी किनारे जाने से मना किया जा रहा है। आज तेजगढ़ बंद परीक्षित अधिकारी नीरज पांडे ने गुढ़ा गांव पहुंचकर मगरमच्छ के हमले से जख्मी बबलू पटेल के परिजनों को वन्य जीव क्षतिपूर्ति सहायता राशि प्रदान की ओर लोगों को जागरूक करते हैं। नदी के तटीय क्षेत्र की ग्राम पंचायत को निर्देशित करते हुए ग्राम कोटवार के माध्यम से मुनादियां भी करवाई जा रही हैं। जिसमें लोगों से अपील कि है की नदी किनारे न जाएं और नदी में नहाना वर्जित किया गया है और मगरमच्छ के संभावित खतरों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

सबसे बड़ा सामूहिक कन्यादान विवाह कार्यक्रम आज

## एक साथ 24 निकाह व 1947 जोड़ों के होंगे विवाह



**तेंदूखेड़ा**। नगर मे रविवार 14 जुलाई को प्रदेश का सबसे बड़ा मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह का आयोजन संपन्न होने जा रहा है जिसमें 1947 विवाह एवं 24 निकाह होंगे जिसमै कुल 1971 विवाह एवं निकाह होना है जिसकी तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं शनिवार को व्यवस्था का जिसका जायजा लेने कृषि उपज मंडी जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी पहुंचे जिन्होंने वहां व्यवस्थाओं का जायज लिया एवं अधिकारी कर्मचारी एवं संगठनों के पदाधिकारी की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिये। मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना में 1971 जोड़ो के हाथ पीले किए जाएंगे। कार्यस्थल पर मंत्री श्री लोधी ने पहुंचकर अधिकारी कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की एवं दिशा निर्देश दिए इस दौरान विवाह स्थल,भोजन व्यवस्था, रजिस्ट्रेशन स्थल, पार्किंग स्थल सहित विभिन्न जगहों का जायजा लिया लेते हुए कमियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए मंत्री श्री लोधी ने कहा कि हम सौभाग्य साली है जो इतनी बड़ी संख्या में विवाह संपन्न कराने जा रहे हैं गरीब परिवारों के बेटा बेटियों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से वर वधू एवं उनके परिवार जनों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े सभी की उचित व्यवस्था की जाए।

### नगर भारी वाहनो का प्रवेश वर्जित

नगर में भारी वाहनों की प्रवेश को वर्जित किया गया है। इसके अलावा खकरिया मार्ग को वन वे किया गया है इसके लिए रूट चार्ट भी जारी किया गया है महाविद्यालय में दूल्हा दुल्हन के रजिस्ट्रेशन सबसे पहले किया जाना है लगभग 40हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई प्रत्येक जोडे को एक फलदार पौधा राज्य मंत्री के हाथो से दिया जाएगां जो अपने घर पर लगाकर उसकी देखरेख करेगे। इसके अलावा 49 हजार का चेक एवं सप्रेम भेंट में सामग्री दी जाएगी। इस सम्मेलन में 40 हजार लोगो के लिए भोजन व्यवस्था की गई है। इसके अलावा एक अस्थाई स्वास्थ्य केंप बनाया जाएगा। साथ एक एम्वोलेंस हमेषा खड़ी रहेगी। इसके अलावा नगर में बडे वाहनो का आना जाना प्रतिवंधित रहेगा। जिसके लिए पाटन से एवं अभाना से सभी बडे वाहनो को जवेरा रोड़ पर डाईवर्ड किए जाएगे। साथ ही नगर के मेंन रोड़ से जनपद कार्यालय एंव सम्मेलन वाले स्थान व खकरियां रोड़ को वनवे किया जाएगा। इस रोड़ से वाहन जाएगें लेकिन वापिस आने के लिए इमलीडोल से होकर 27 मील होकर वापिस आएगे। सभी जोड़ो को तैयार होने के लिए कालेज में व्यवस्थाएं की है। साथ ही रजिस्टेषन भी कालेज में किए जाएगें। सम्पूर्ण पंडाल वाटरप्रूफ लगाया जा रहा है। साथ ही जहां पर लोगो के भोजन होगे वहा पर वाटर प्रूफ पंडाल लगाया गया है।

## वृक्षारोपण हेतु दृढ़ संकल्पित होकर प्रयास करने की आवश्यकताः जिला न्यायाधीश



**दमोह**। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत आज जिला न्यायालय परिसर दमोह में ₹एक पेड़ मॉ के नाम₹ अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज) उदय सिंह मरावी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अंजनी नंदन जोशी, जिला न्यायाधीश/सचिव धर्मेश भट्ट, जिला न्यायाधीश महिमा कछवाहा, जिला न्यायाधीश जितेन्द्र नारायण सिंह, जिला न्यायाधीश राममनोहर सिंह दांगी, जिला न्यायाधीश अनुराग सिंह कुशवाह, जिला न्यायाधीश अमर गोयल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राम सिंह बघेल सहित समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज, अधिवक्तागण, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, चीफ लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाईच सहित एलएडीसीएस स्टाफ उपस्थित रहा। प्रधान जिला न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि राज्य प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय दमोह में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वृक्षारोपण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये उन्होंने बताया कि हम जीवनकाल में ही नहीं मृत्यु के उपरांत भी प्रकृति के ऋणी रहते हैं क्योंकि हमें जो कुछ भी मिलता है वह प्रकृति की गोद से प्राप्त होता है चाहे वायु हो, जल हो लेकिन उसकी प्रतिपूर्ति कोई नहीं करता है, जिसके कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है इसके लिये प्रत्येक नागरिक को दृढ़ संकल्पित होकर प्रयास करने की आवश्यकता है।

## श्रीराम मंदिर परिसर की क्षतिग्रस्त प्राचीन बावड़ी खुले पड़े कुएं बावड़ी दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

**गैसाबाद**। जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर साहब के निर्देशों के बाद भी खुले पड़े बावड़ी एवं कुओ को ढकने का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया, ज्ञात हो की कलेक्टर महोदय ने कर्मचारी की बैठक के दौरान निर्देश दिए



थे कि बरसात के पूर्व खुले पड़े हुए कुआ ,बावडी को लोहे के जाल से ढक दिया जाए ताकि कोई दुर्घटना घटित ना हो सके, लेकिन इसके बावजूद भी ग्राम के बस स्टैंड बंजारी चौक पर स्थित बहुत पुराना कुआं आज भी खुला पड़ा हुआ है जो निश्चित रूप से दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। लोगों ने हरिभूमि को बताया कि एक दिन कुछ कर्मचारी आए थे और कुआं का नापतोल करके ले गए थे लेकिन कुआं ढकने का कार्य आज तक नहीं हुआ। इसी तरह श्रीराम कुमार मंदिर परिसर की प्राचीन बावड़ी देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीण जनों के बताएं मुताबिक यह प्राचीन बावड़ी कभी बहुत सुंदर और साफ सुथरी हुआ करती थी। ग्राम वासी इसी बावड़ी के पानी का उपयोग पीने एवं नहाने धोने में किया करते थे लेकिन वर्तमान समय में यह बावड़ी क्षतिग्रस्त हो चुकी है एवं इसका पानी भी गंदा होने लगा है। हालांकि मंदिर परिसर की प्राचीन तलैया से अतिक्रमण हटाए जाने का कार्य तहसीलदार महोदय द्वारा कराया जा रहा है। इसी क्रम में इस प्राचीन बावड़ी का भी जीर्णोद्धार कर नवीनीकरण किया जाएगा ताकि इस प्राचीन धरोहर को सहेज कर रखा जाए एवं ग्रामीण जनों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

## जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज का आगमन आज

**आत्मानंद गिरी होंगे महामंडलेश्वर आज होगा भव्य पट्टाभिषेक**

**दमोह**। जिले के पथरिया तहसील अंतर्गत ग्राम लखरोनी में आत्मानंद गिरी महाराज महामंडलेश्वर पट्टा अभिषेक महोत्सव का आयोजन आज 14 जुलाई रविवार को काशी सुमेर पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दमोह जिले के पथरिया तहसील अंतर्गत ग्राम लखरोनी में आत्मानंद गिरि महाराज के महामंडलेश्वर पत्ता अभिषेक महोत्सव का आयोजन आज 14 जुलाई रविवार को आयोजित किया जा रहा है इस आयोजन में जहां अनेक संत महात्माओं का आगमन हो रहा है वहीं विशेष रूप से इस आयोजन में काशी सुमेर पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज,श्री महंत श्रीहरि गिरी जी महाराज महामंत्री अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डेश्वर श्रीं स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महराज, श्रीं महंत श्री प्रेमगिरी जी महराज अध्यक्ष श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा,श्री महंत श्रीसुन्दरपुरी जी महराज वीर दत्तात्रेय अखाड़ा उज्जैन, श्रीमहंत श्रीभारती जी महराज मंत्री जूना अखाड़ा जूना अखाड़े के उपाचार्य महामण्लेश्वर कपिल पुरी जी महराज हरियाणा ग्राम लखरौनी स्थित श्री चौमुखनाथ परमधाम आश्रम में पधार रहे हैं। इस दौरान आत्मानंद गिरि को महामंडलेश्वर की पदवी से नवाजा जाएगा एवं वही इस आयोजन में शिष्य मंडल सहित पट्टाभिषेक कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। पट्टाभिषेक कार्यक्रम के साथ साथ उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध रामलीला मण्डल सर्वेश द्विवेदी का भी मंचन भी किया जायेगा।



**आज सुबह शंकराचार्य पहुंचेंगे लखरोनी आश्रम**

इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए काशी सुमेरु पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज 14 जुलाई की सुबह 10 बजे ग्राम लखरोनी पहुंचेंगे और समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर सभी धर्म प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

इस बार सावन महीने में पांच सावन सोमवार पड़ेंगे


# सोमवार से शुरू होकर इसी दिन समाप्त होगा सावन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

सावन में अद्भुत संयोग बन रहा है। सावन माह की शुरुआत सोमवार से होगी और समापन भी सोमवार को होगा। इस माह 5 सावन होंगे। 22 जुलाई को श्रावण मास शुरू होगा। पहले सोमवार पर श्रवण नक्षत्र, प्रीति और सर्वार्थ सिद्धि योग रहेंगे। 19 अगस्त रक्षाबंधन के दिन माह का समापन होगा। पं. गोपाल शास्त्री ने बताया कि शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि और शोभन योग रहेगा। भगवान शंकर के साथ ही मां गौरी की कृपा भी मिलेगा। महिलाओं के लिए मंगला गौरी पूजन के लिए चार दिन मिलेंगे। 23 जुलाई को सुबह, 30 जुलाई, 6 अगस्त और 15 अगस्त को।

### हरियाली तीज पर मंदिरों में लगेंगे झूले

7 अगस्त से सावन माह में भगवान श्रीकृष्ण की आराधना भी शुरू हो जाएगीः इस दिन से हरियाली तीज से मंदिरों में झूले लगना शुरू होंगे। जन्माष्टमी तक



मंदिरों व घरों में श्रीकृष्ण की भक्ति का उत्सव होगा। इस दौरान काफी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचेंगे।

### शिवपूजन का बहुत बड़ा महत्व है

सावन के महीने में भगवान शिव का पूजन किया जाता है और इसके पीछे कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं. धार्मिक मान्यता के अनुसार सावन के महीने में ही भगवान शिव ने समुद्र मंथन से निकला विष का प्याला पीया था. इस विष का ताप इतना तेज था कि इंद्र देवता ने बारिश करके उन्हें शीतल किया था. इसलिए सावन के महीने में बारिश होती है. प्रति सोमवार को भक्तजनों द्वारा मिट्टी के भगवान शंकर को बनाकर अभिषेक पूजा अर्चन किया जाता है

### 15 जुलाई के बाद 4 माह रुकेंगे विवाह ,13 नवंबर में बजेगी शहनाई

**तेंदूखेड़ा**--इन दिनों वैवाहिक सीजन चलने से बाजार में लोगों की अच्छी आवाजाही बनी है, दुकानों में भी ग्राहकी का जोर है। वैवाहिक कार्यक्रम 15 जुलाई भड़रिया नवमी तक जारी रहेगें। इस संबंध में पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि इसके उपरांत 17 जुलाई देवशयनी एकादशी से चौमासे का आगाज होगा। फिर चार माह तक सभी प्रकार के मांगलिक एवं वैवाहिक कार्यों पर रोक रहेगी। इसके बाद 12 नवंबर को देव उठनी एकादशी के अगले दिन 13 से 29 नवंबर तक फिर दिसंबर में आठ विवाह मुहूर्त 14 दिसंबर तक रहेंगे।

#### नगर में विवाहो का जोर शोर

नगर में इन दिनों देर रात तक विवाह समारोहों की धूम जारी है। लोग एक ही दिन में कई जगह जाकर वैवाहिक कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। 14 जुलाई को मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह भी नगर में हो रहे हैं। इन विवाह के आयोजनों से नगर की व्यवसायिक दुकानदारों का व्यापार जोरों पर है। नगर के सराफा, कपड़ा, बर्तन, , इलेक्ट्रिक आइटम, दो पहिया वाहन, फर्नीचर, किराना आदि दुकानों पर ग्राहकी बनी हुई है। साथ ही विवाह आयोजनों से जुड़े पंडित, कुक, केटरर, बैंड बाजे, डीजे, लाइट, टैंट, घोड़े,पटाखे वाले सभी की व्यस्तता बनी है। अब 15 जुलाई से विवाह समारोह बंद होने से इन्हें नवंबर के वैवाहिक सीजन का इंतजार करना पड़ेगा। दूसरी ओर बाजार की दुकानों पर भी वैवाहिक ग्राहकी न होने से मंदी रहेगी।

#### चार माह होगे त्यौहार

लेकिन चौमासे मे विभिन्न धार्मिक आयोजन होते रहेंगे। साथ ही रक्षाबंधन, गणेश उत्सव, दुर्गा उत्सव, दीपावली जैसे अनेक बड़े त्योहार पड़ेंगे। जिनके विवाह वर्तमान सीजन में नहीं हुए उन्हें नवंबर का इंतजार करना पड़ेगा। ज्ञात हो कि वर्ष 2024 में 12 मार्च तक फिर अप्रैल में 18, 19 अप्रैल को विवाह मुहूर्त रहे। हालांकि कुछ लोगों के विवाह अन्य तिथियों पर भी हुए। गई और जून में वैवाहिक आयोजनों पर विराम रहने के बाद बीती दो जुलाई से पुनः विवाह आयोजन हो रहे है। वर्तमान सीजन में नगर से लेकर गांव गांव में अनेक शादी समारोह होते रहे। नगर के लगभग अभी शादी हॉल, मैरिज गार्डन के साथ लोगों ने घरों के पास खाली जगह से भी आयोजन हो रहे हैं।

### पूर्णिमा तिथि पर होगा सावन माह का समापन

22 जुलाई को सूर्योदय से रात 11.40 तक सर्वार्थ सिद्धि योग, प्रीति योग और श्रवण नक्षत्र का योग रहेगा। 23 जुलाई की सुबह 5.57 से दोपहर 12.5 तक घि-पुष्कार योग रहेगा। माह के 7 दिन सर्वार्थ सिद्धि योग रहेंगे। 19 अगस्त को 7.30 तक शोभन योग व पूर्णिमा तिथि पर सावन माह का समापन होगा।

## नल जल योजना के माध्यम से पेयजल की जगह कीचड़ सप्लाई कर रही नपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

प्रदेश की सबसे घटिया नल जल योजना के माध्यम से लगातार नपा व्दारा नागरिकों को पेयजल के नाम पर गन्दे एवं बदबूदार शुध्द कीचड़ की सप्लाई की जा रही है। इस बारे मे एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने बताया कि नगर मे इन दिनों करोड़ों की नल जल योजना के माध्यम से वर्तमान मे ऐसे पेयजल की सप्लाई की जा रही है । कि जिस पानी को आदमी तो छोड़िये जानवर भी पीने से हिचकिचाते देखे गए। शनिवार की सुबह जैसे तैसे चार-पांच दिन के बाद नपा द्वारा जल की सप्लाई शुरू की गई। इस सप्लाई से मिले पेयजल को देखकर नगर वासी हतप्रद रह गए । क्योंकि पानी पूरी तरह से पीने के योग्य तो छोड़िए निस्तार तक के लायक भी नहीं था। वैसे नगरवासी उक्त गंदा एवं बदबूदार पानी यूं तो कई दिनों से मजबूरन पी ही रहे थे। मगर अब नपा व्दारा पेयजल के नाम पर शुध्द पीले रंग के कीचड़ का बेरोकटोक वितरण शुरू कर दिया गया है। शायद नपा व्दारा ब्लीचिंग एवं एलम का उपयोग भी पानी को शुध्द करने मे नही किया जा रहा है। लगता है नपा पूरी तरह से अपने नागरिक कर्तव्य भूल चुकी है। नगरवासी इस नपा की इस मानव निर्मित आपदा से बेहद परेशान है। नागरिक नपा के उक्त जीवन दायिनी अशुध्द पेयजल वितरण के चलते रोज अनेकानेक बीमारियों एवं परेशानियों से ग्रसित हो रहे हैं। शासन प्रशासन नगर परिषद हिंडोरिया की प्रत्येक गतिविधि से पूरी तरह से अवगत होने के बावजूद भी अभी भी मौन धारण तमाशा देख रहा हैं । सोचिये ऐसे हालात में आम जनता क्या करेंगी। नागरिकों ने कलेक्टर एवं जबाबदार शासन प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र न्यायोचित कदम उठाने की मांग की है।